सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 26 | इंदौर, रविवार 16 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ● स्वतंत्रता दिवस पर मध्य प्रदेश को सीएम मोहन यादव की सौगात

# हर जिले में एमएसएमई पार्क पेपरलेस होंगी मरीजों की जांचें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को पूरा मध्यप्रदेश देशभक्ति के रंग में रंग गया। चारों ओर तिरंगा लहराया और देशभक्ति गीतों ने युवाओं को उत्साह से भर दिया। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण से पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन हुआ और ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन बजाई गई। उसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। परेड में सशस्त्र दलों ने हर्ष फायर किया और पुलिस बैंड ने देश भक्ति गीतों की धुनों से वातावरण में राष्ट्र प्रेम और समर्पण के भाव का संचार किया। परेड में पुलिस बैंड सहित कुल 22 टुकड़ियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री यादव ने प्रदेश के नाम अपने संदेश में समान नागरिक संहिता, किसान, खेत, निवेश, शिक्षा, युवा, वन, धर्म-संस्कृति सहित हर क्षेत्र का जिक्र किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए युवाओं, किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजगार को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं।

### हर साल एक लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 85 हजार से अधिक युवाओं की शासकीय सेवा में नियुक्ति की है। आने वाले समय में हर वर्ष एक लाख से अधिक युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। अगले एक वर्ष में एक लाख से अधिक युवाओं को आईटीआई में प्रवेश दिलाने और हर साल 10 हजार युवाओं को ग्लोबल स्किल पार्क में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में अलग से प्लेसमेंट सेल बनाया जाएगा, जो उद्योगों और युवाओं के बीच समन्वय का काम करेगा।

### 2027 को बनाया जाएगा 'युवा वर्ष'

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2025 को निवेश और रोजगार वर्ष तथा 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने के बाद अब वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के समग्र विकास के लिए शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, रोजगार, स्टार्टअप, खेल और नेतृत्व क्षमता जैसे सात प्रमुख क्षेत्रों पर काम किया जाएगा।

### जन विश्वास अभियान और मिशन GYANII पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का भरोसा ही सुशासन की सबसे बड़ी ताकत है। जनकल्याण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनविश्वास और जनसंवाद जरूरी हैं। इसी सोच के



साथ 7 अगस्त 2026 से 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का नारा 'न देरी, न दूरी' है। इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान करना है। अभियान का पहला चरण 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए राज्य सरकार ने 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में भी 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश त्रिवर्षीय रोलिंग बजट लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'GYAN' (गरीब, युवा, नारी और किसान) मंत्र को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने इसमें उद्योग और बुनियादी ढांचे को जोड़कर 'GYANII' मॉडल तैयार किया है।

### हर जिले में बनेगा एमएसएमई पार्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक एमएसएमई पार्क स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा 10 नए एमएसएमई क्लस्टर भी विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भोपाल में इंजीनियरिंग सेक्टर के लिए 30 करोड़ रुपये की लागत से नए केंद्र की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या बढ़ाकर 12 हजार से अधिक करने और 100 नए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा गया है।

### मरीजों की जांच होगी पेपरलेस

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि 1 नवंबर 2026 से प्रदेश में मरीजों की जांच को पूरी तरह पेपरलेस बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों की सभी जानकारी डिजिटल रूप से सुरक्षित रखी जाएगी। जांच के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की ऑनलाइन सलाह भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले तीन महीनों में एक हजार नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। अगले छह महीनों में एक हजार और डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक और चिकित्सा विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश में चिकित्सा विश्वविद्यालयों की संख्या दो हो जाएगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बनेंगे चार फास्ट ट्रैक कोर्ट

युवाओं को राहत देने के लिए सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए चार फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का फैसला किया है। इसके अलावा ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, स्पेस टेक्नोलॉजी और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की भी घोषणा की गई।

### किसान कल्याण पर भी रहा जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए 'कवच योजना' लागू कर चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण पर किसानों को चार गुना मुआवजा देने का फैसला भी लागू कर दिया गया है।

### प्रदेश के हर जिले को बनाया जाएगा निर्यात केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक जिले को निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए सभी 55 जिलों की निर्यात कार्य योजनाएं तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 2027 में फिर से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा।

---

## लाल किले से पीएम मोदी का बड़ा ऐलान

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाने के लिए दिया 'शक्ति की सप्तधारा' का विजन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ को लेकर 'शक्ति की सप्तधारा' का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि अब समय रुकने का नहीं है, बल्कि हमे अपनी सोच से काम की रफ्तार चेंज करनी होगा. ऐसा करते हुए हमें करीब 7 साल में वो करना है, जो 70 साल में नहीं हुआ है. PM Narendra Modi की सप्त धारा में मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, डिजिटल इनोवेशन और ग्रीन-ब्लू इकोनॉमी शामिल हैं.

### सप्तधारा की पहली शक्ति : मैन्युफैक्चरिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, सप्तधारा की पहली ताकत हमारी मैन्युफैक्चरिंग पावर है. हमें ग्लोबल स्टैंडर्ड को पूरा करने के लिए लागत, क्वालिटी और स्केल के मामले में बहुत प्रतिस्पर्धी होना होगा. पीएम मोदी के मुताबिक, हमें डिजाइन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक, देश को दुनिया के लिए एक भरोसेमंद ग्लोबल सप्लाई चेन पार्टनर के तौर पर पेश करना होगा. इसके लिए कॉस्ट, क्वालिटी और स्केल के ग्लोबल स्टैंडर्ड तक पहुंचना जरूरी है.

### सप्तधारा की दूसरी शक्ति : फूड प्रोसेसिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सप्तधारा की दूसरी ताकत बताते हुए कहा कि ये खेती और खाद्य उत्पादन है. एग्रीकल्चर और फूड प्रोसेसिंग में बढ़ोतरी करते हुए भारतीय उत्पादों को ग्लोबल ब्रांड बनाना है. उन्होंने कहा कि ग्लोबल मार्केट भारतीय किसानों के लिए अब खुल रहे हैं और FTA के जरिए मासालों से बाजरा तक तमाम भारतीय उत्पादों को बड़े नए बाजारों में एंट्री मिलती जा रही है. भारत को खेत से सीधे एक्सपोर्ट मार्केट तक पहुंचना होगा.

### सप्तधारा की तीसरी शक्ति : इनोवेशन

प्रधानमंत्री मोदी की सप्तधारा की तीसरी शक्ति के बारे में बात करें, तो ये टेक्नोलॉजी-इनोवेशन है. उन्होंने डिजिटल और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि आज रोबोटिक्स, एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस और डेटा सेंटर्स का जमाना है. भारत को इनोवेशन का ग्लोबल हब बनने की जरूरत है. प्रधानमंत्री ने UPI और Digital Public Infrastructure में भारत के बढ़ते कदम और अनुभव पर बात करते हुए कहा कि ऐसे तकनीकी सॉल्यूशंस को दुनिया के दूसरे देशों तक पहुंचाने का टारगेट होना चाहिए और नेक्स्ट जेनरेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी में भारत को आगे ले जाना होगा.

### सप्तधारा की चौथी शक्ति : गति शक्ति

पीएम मोदी के बताए सप्तधारा की चौथी शक्ति है 'Gati-Shakti'. उन्होंने कहा कि हमें आने वाले सालों में तेज और बेरोकटोक कनेक्टिविटी चाहिए. इसके तहत High-Speed Rail कनेक्टिविटी से मॉडर्न हाईवे कनेक्टिविटी, इनलैंड वॉटरवे, एयरपोर्ट, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब की जरूरत है. उन्होंने Port-Led Development की जरूरत पर भी जोर दिया. इससे विकास की रफ्तार को गति मिलेगी.

### सप्तधारा की पांचवीं शक्ति : गति शक्ति

सप्तधारा की पांचवीं शक्ति भारत की डिफेंस कैपिसिटी है. PM Narendra Modi ने लाल किले की प्राचीर से दिए अपने भाषण में कहा कि बीते 12 सालों में डिफेंस प्रोडक्शन करीब 4 गुना बढ़ा और आगे भी Defence Self-Reliance पर जोर है. देश के डिफेंस सेक्टर को सिर्फ एक बाजार बनकर नहीं रहना, बल्कि एक बड़ा डिफेंस सप्लायर बनना होगा. उन्होंने नेक्स्ट जेनरेशन डिफेंस टेक से लेकर हायरसोनिक सिस्टम के सेक्टर में ग्लोबल लीडरशिप हासिल करने की कोशिश पर जोर दिया. प्रधानमंत्री ने कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन में हमें आत्मनिर्भर बनना होगा.

### सप्तधारा की छठी शक्ति : गति शक्ति

पीएम नरेंद्र मोदी की सप्तधारा में ग्रीन और ब्लू इकोनॉमी का जिक्र भी है. उन्होंने कहा कि : पीए मोदी का कहना है कि इस टारगेट को हासिल करने के लिए हमारे पास तमाम रिसोर्स हैं. जहां उन्होंने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन, रिन्यूएबल एनर्जी और एनर्जी स्टोरेज में ग्लोबल लीडरशिप पर जोर दिया. तो वहीं Blue Economy पर जोर देते हुए कहा कि Fisheries, Coastal Tourism और Ocean Technology सेक्टर भारत के लिए ग्रोथ के नए रास्ते बन सकते हैं.

### सप्तधारा की सातवीं शक्ति : गति शक्ति

भारत में योग, आयुर्वेद, होलिस्टिक हेल्थ, क्रिएटिव रिसोर्स और टूरिज्म देश की सॉफ्ट पावर हैं और हमे इस पर फोकस करना होगा, जो सप्तधारा की सातवीं शक्ति है. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि योग ने पूरी दुनिया को भारत से जोड़ने का काम किया है. Yoga दुनिया के लिए एनर्जी बन रहा है.

# जिले में जोश, जुनून, अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ उत्सवी माहौल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने किया ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में हर घर तिरंगा अभियान के चलते स्वतंत्रता दिवस आज देशभक्ति के जज्बे, जोश और जुनून के साथ उत्सवी माहौल में मनाया गया। इंदौर में चहुंओर अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास दिखाई दिया। पूरा इंदौर तिरंगामय रहा। इंदौर के महेश गार्ड लाइन स्थित सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में राष्ट्रीय धुन और राष्ट्रभक्ति के गीतों के बीच जवानों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय महापर्व पर जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण किया गया।



### खुली जीप से किया परेड का निरीक्षण

मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में सशस्त्र बलों ने स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारों के बीच हर्ष फायर किये। खुले आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़े गये।

### 20 दलों ने प्रस्तुत की आकर्षक परेड

मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के 20 दलों ने परेड में हिस्सा लिया। इनमें प्रमुख रूप से सीमा सुरक्षा बल, आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी, 15वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल(पुरूष), जिला पुलिस बल (महिला), होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी बायज, एनसीसी गर्ल्स, एनसीसी एयर विंग, स्काउट, गाईड, रेडक्रॉस, आरआई ग्रुप, एसपीसी गर्ल्स, सृजन दल, शौर्या दल शामिल रहे। परेड का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त श्री यश बिजोरिया ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार श्री चन्द्रेश मरावी ने किया। समारोह में प्रथम वाहिनी और बीएसएफ का बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहा। समारोह में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सुमधुर गायन भी हुआ।

### बच्चों ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इंदौर, शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और मॉर्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर के विद्यार्थियों ने देश भक्ति तथा लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### पुरस्कार

परेड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को भी पुरस्कृत किया गया। परेड के "अ" वर्ग में प्रथम स्थान बीएसएफ और द्वितीय स्थान आरएपीटीसी को दिया गया। "ब" वर्ग में प्रथम स्थान जिला यातायात पुलिस बल को और द्वितीय स्थान एनसीसी जूनियर के प्लाटून को प्राप्त हुआ। इसी तरह "स" वर्ग में प्रथम बीएसएफ के बैंड और द्वितीय प्रथम वाहिनी के बैंड को दिया गया।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में तीनों स्कूलों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में जिले में वर्षभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। साथ ही जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उनके परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों का भी सम्मान किया।

### यह थे उपस्थित

कार्यक्रम में संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार, आईजी श्री अनुराग, अपर आयुक्त पुलिस श्री मयंक अवस्थी , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के सीईओ श्री हिमांशु प्रजापति, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### विकास पुस्तिका का वितरण

इंदौर जिले में विगत ढाई वर्षों में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का भी वितरण किया गया। पुस्तिका में जिले में इस अवधि के दौरान हुए प्रमुख विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का सचित्र एवं विस्तृत वर्णन किया गया है। यह पुस्तिका जिले के विकास की यात्रा और विभिन्न क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है।

## संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने संभागायुक्त कार्यालय में किया ध्वजारोहण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर संभाग में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अशासकीय, शासकीय, सार्वजनिक भवनों और कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किये गये। संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने संभागायुक्त कार्यालय सहित इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में किया ध्वजारोहण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में स्वतंत्रता दिवस पूर्ण उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अशासकीय, शासकीय, सार्वजनिक भवनों और कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किये गये। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्वक संपन्न

## प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री सुबोध अभ्यंकर ने किया ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर के परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ। इसके पश्चात प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री सुबोध अभ्यंकर द्वारा प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। तत्पश्चात प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री सुबोध अभ्यंकर द्वारा स्वतंत्रता, शांति एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक स्वरूप आकाश में गुब्बारे छोड़े गए।**

इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री संदीप एन भट्ट, न्यायमूर्ति श्री विनय सराफ, न्यायमूर्ति श्री राजेन्द्र कुमार वाणी, न्यायमूर्ति श्री गजेन्द्र सिंह, श्री जय कुमार पिल्लई, न्यायमूर्ति श्री आलोक अवस्थी, सेवानिवृत्त न्यायमूर्तिगण, न्यायमूर्तिगण, न्यायमूर्ति गण के परिवारजन, जिला न्यायालयों के न्यायाधीशगण, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री अनूप कुमार त्रिपाठी, ओएसडी श्री नीरज मालवीय अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, उप सॉलिसिटर जनरल, अतिरिक्त महाधिवक्तागण, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य, उच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के अधिवक्तागण, उच्च न्यायालय इंदौर के अधिकारी एवं कर्मचारी, उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, सुरक्षा अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प दोहराया गया।



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के शासकीय स्कूल के बच्चों को कराया गया विशेष मध्यान्ह भोजन

## जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट आज स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होने के पश्चात वे शासकीय स्कूल किला मैदान के बच्चों के बीच पहुंचे। यहाँ उन्होंने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बेग, कम्पास और अन्य पठन-पाठन सामग्री वितरित की।**

इस अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, एमआईसी सदस्य श्री नंदु पहाड़िया, जनपद अध्यक्ष श्री कान्हा पटेल, पार्षद श्री राहुल जायसवाल सहित अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे। बच्चों को आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यान्ह भोजन में विशेष रूप से खीर, पूरी, लड्डू, छोले, पुलाव आदि परोसे गए। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि यह पवित्र दिन हमें अनेक संघर्षों, त्याग, तपस्या और महान बलिदानों के बाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के सभी अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि हमें आजादी का महत्व समझना चाहिए और देश के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी शक्ति हमारे युवा बेटे-बेटियां हैं। आज का युवा ही भारत का भविष्य है, इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और सामर्थ्य का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि हर समस्या का समाधान शिक्षा है, हर परिवर्तन की बुनियाद शिक्षा है और विकास एवं प्रगति का संकल्प भी शिक्षा से ही पूरा होता है। शिक्षा ही बच्चों के जीवन को नई दिशा देने और उन्हें आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बेटियां और बेटे समान रूप से देश के भविष्य के निर्माता हैं। विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

# योजनाओं, निर्वाचन एवं जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। राज्य एवं केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य तथा जनगणना संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंदौर जिले के अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार को सम्मानित किया गया।**

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने श्री पवार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों तथा जनगणना कार्यों में बेहतर समन्वय, दक्षता और उत्कृष्ट योगदान दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके उल्लेखनीय कार्यों और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

# 'हिन्दुस्तान मेरी जान' पर थिरके थाना प्रभारी अनिल यादव





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशभर में देशभक्ति का माहौल है। इसी बीच इंदौर के गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में थाना प्रभारी अनिल यादव देशभक्ति गीतों पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे हिन्दुस्तान... हिन्दुस्तान... मेरी जान और सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम, वंदे मातरम् जैसे देशभक्ति गीतों पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो स्वतंत्रता दिवस से जुड़े कार्यक्रम के दौरान का है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग इसे जमकर शेयर कर रहे हैं और थाना प्रभारी के डांस की चर्चा कर रहे हैं। अनिल यादव का यह पहला वीडियो नहीं है जब वे देशभक्ति गीतों पर डांस करते नजर आए हों। इससे पहले भी उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव अपनी फिटनेस को लेकर भी पुलिस महकमे में पहचाने जाते हैं। सोशल मीडिया पर उनके फिटनेस से जुड़े वीडियो और फोटो भी सामने आते रहे हैं। वहीं डांस के प्रति उनका लगाव भी कई मौकों पर देखने को मिला है। यही वजह है कि उनका कोई नया वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो जाती है। अनिल यादव वर्ष 2023 में भी अपने एक देशभक्ति डांस को लेकर चर्चा में आए थे। उस समय इंदौर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और आम लोग इस यात्रा में शामिल हुए थे। यात्रा के दौरान अनिल यादव हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीत सुनो गौर से दुनिया वालों पर सड़क के बीच डांस करते नजर आए थे। उनके डांस करने का अंदाज देखकर तिरंगा यात्रा में शामिल लोग भी रुक गए थे। इसके बाद माहौल ऐसा बना कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी और आम लोग भी देशभक्ति गीतों पर थिरकने लगे। उस समय भी उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था और लोगों ने उनके डांस की खूब चर्चा की थी।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस और होमगार्ड के अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदक किए प्रदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल परेड मैदान पर पदक अलंकरण समारोह में पुलिस और होमगार्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक भी प्रदान किए गए। समारोह में 47 विभूतियों को पदक सौंपकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किए। साथ ही पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति के 9 विशिष्ट सेवा पदक व 33 सराहनीय सेवा पदक देकर सम्मानित किया। होमगार्ड के 3 अधिकारी-कर्मचारियों को भी राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किए गए।



## राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक (पुलिस)

राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक (पुलिस) से श्री योगेश देशमुख, महानिदेशक/अमनि, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, श्री मकरन्द देऊस्कर, पुलिस महानिरीक्षक, बी.एस.एफ, नई दिल्ली, श्री राकेश गुप्ता, अति. पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन उज्जैन, श्री संतोष कुमार सिंह, अमनि/पुलिस आयुक्त, इंदौर, श्री मिथिलेश कुमार शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन, श्री अवधेश कुमार गोस्वामी, उप पुलिस महानिरीक्षक, कल्याण/लेखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल श्री शिवकुमार पटेल, निरीक्षक, विशेष शाखा, इंदौर (सेवानिवृत्त), श्री वाल्टर हेनरी एक्का, प्रधान आरक्षक 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल, श्री देवेन्द्र कुमार कौशल, प्र.आर. (आर्म्स) 1159 7वीं वाहिनी भोपाल को सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक (पुलिस)

राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक (पुलिस) से श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु, पुमनि/वि. कर्तव्य. अधिकारी, गृह विभाग, म.प्र., श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, उमनि/कमान्डेंट, आरएपीटीसी, इंदौर, श्री विजय कुमार खत्री, उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर, श्री मनोज कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक, चयन/भर्ती, पुलिस मुख्यालय , भोपाल, श्री गीतेश कुमार गर्ग, जोनल पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, ग्वालियर, श्री एलरिज विनसेन्ट सिंह, पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. जबलपुर, श्री राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त, इंदौर, श्री दुर्गेश कुमार राठौर, पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, सागर, श्री नीरज पाण्डेय, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल, श्री रूपेश कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक, सायबर मुख्यालय भोपाल, श्रीमती सीमा अलावा, अति. पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, इंदौर, श्री आशीष खरे, अति. पुलिस अधीक्षक, जिला छिन्दवाड़ा, श्री दिनेश कुमार सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, ई.ओ.डब्ल्यू. भोपाल, श्री वीरेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, भोपाल, श्री संजय सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, एटीएस, मुख्यालय, भोपाल, श्रीमती निधि श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक, एससीआरबी, पुमु, भोपाल, श्री राजू गोराने, उप पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, श्रीमती मनीता राय, उप पुलिस अधीक्षक, पुमनि कार्यालय उज्जैन जोन, श्री मनोज कुमार दुबे, निरीक्षक, (रेडियो) सीहोर, श्री प्रवीण सिंह, निरीक्षक (एम) कार्यालय पुलिस आयुक्त, (शहर) इंदौर, श्री राजेन्द्र प्रसाद, निरीक्षक, ई.ओ.डब्ल्यू, जबलपुर, श्री प्रवीण पंवार, निरीक्षक (अ) आर.ए.पी.टी.सी. इंदौर (सेवानिवृत्त), श्री कुंजेश श्रीवास्तव, निरी. (अ)/निस टू डीजीपी, कार्या. पुलिस महानिदेशक, म.प्र., श्री प्रेम किशोर व्यास, निरीक्षक, शाजापुर, श्री उमराव प्रसाद जाटव, उप निरीक्षक 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल, श्री संतोष मेहरा, उप निरीक्षक, इंदौर, श्री अशोक राव सावंत, उप निरीक्षक, ई.ओ.डब्ल्यू. उज्जैन, श्री महेन्द्र सिंह नेगी, उप निरीक्षक, पीटीसी, इंदौर, श्री राजेन्द्र कुमार दुबे, सहायक उप निरीक्षक, जिला छिन्दवाड़ा (सेवानिवृत्त), श्रीराम मिश्रा, प्रधान आरक्षक, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल, श्री कल्याण सिंह, प्र. आर. महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल, श्री सुशील कुमार चौबे, प्रधान आरक्षक 10वीं वाहिनी विसबल, सागर, श्री रवीन्द्र मिश्रा, आरक्षक, लोकायुक्त, भोपाल को सम्मानित किया गया।

## सराहनीय सेवा के लिये राष्ट्रपति का होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा पदक

सराहनीय सेवा के लिये राष्ट्रपति का होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा पदक से श्री संतोष कुमार शुक्ला, स्वयं सेवी लांस नायक क्रमांक-45 जिला शाजापुर, श्री सुनील कुमार जैन, स्वयं सेवी सीक्यूएम क्रमांक-57 जिला उज्जैन और श्री नरेन्द्र अवस्थी, स्वयं सेवी लांस नायक क्रमांक-35 जिला इंदौर को सम्मानित किया गया।

## सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक

सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से स्व. मनोहर सिंह चौहान, जिला मंदसौर (मरणोपरांत) के प्रतिनिधि और श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, कार्यवाहक सहा. उप निरीक्षक, जिला दमोह को प्रदान किया गया।

## पुलिस बैण्ड सहित कुल 22 टुकड़ियों ने भाग लिया

परेड में पुलिस बैण्ड सहित कुल 22 टुकड़ियों ने भाग लिया। इनमें महाराष्ट्र पुलिस बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, हॉक फोर्स, एसटीएफ, महिला (विशेष सशस्त्र बल, जिला बल एवं रेल पुलिस बल), विशेष सशस्त्र बल (दक्षिणी जोन), विशेष सशस्त्र बल (दक्षिणी जोन), विशेष सशस्त्र बल (उत्तरी जोन), जिला पुलिस बल, जेल विभाग, शासकीय रेल पुलिस, नगर सेना (होमगार्ड), एन.सी.सी. सीनियर डिविजन/एयर विंग/नेवल विंग(बॉयज), एन.सी.सी.सीनियर विंग/एयर विंग/नेवल विंग(गर्ल्स), गाइड गर्ल्स, स्काउट्स बॉयज, शौर्य दल, पुलिस बैंड तथा अश्वारोही दल शामिल हैं।

समारोह में मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, एडीजी श्री पी साई मनोहर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री चंचल शेखर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री सोलोमन यश कुमार मिंज, संभाग आयुक्त भोपाल श्री कर्मवीर शर्मा, पुलिस आयुक्त श्री संजय कुमार, आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री हरिनारायण चारी मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक श्री इरशाद वली सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्वातंत्रता दिवस के अवसर पर शासन की रिहाई नीति के तहत प्रदेश की जेलों से 115 बंदी रिहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग की समय पूर्व रिहाई नीति, 2025 के तहत 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की जेलों से 110 पुरूष बंदी एवं 05 महिला बंदी सहित कुल 115 पात्र बंदी रिहा किये गए। यह रिहाई जेल में निरूद्ध रहने के दौरान बंदी के अच्छे आचरण, अनुशासित व्यवहार और निर्धारित नियमों के पालन के आधार पर दी गई है।

समय पूर्व रिहाई नीति के तहत वर्ष में पांच विशेष अवसरों- गणतंत्र दिवस, अंबेडकर जयंती, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती और राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर पात्र कैदियों को रिहा किया जाता है।

प्रदेश की विभिन्न जेलों जिसमें जबलपुर सर्किल से 18, भोपाल सर्किल से 15, रीवा सर्किल से 15, सतना सर्किल से 11, इंदौर सर्किल से 12, उज्जैन सर्किल से 12, सागर सर्किल से 08, नर्मदापुरम सर्किल से 07, बड़वानी सर्किल से 07, ग्वालियर सर्किल से 06 एवं नरसिंहपुर सर्किल से 04 बंदियों को रिहा किया गया। डॉ. वरुण कपूर, महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्य प्रदेश ने रिहा होने वाले बंदियों को शुभकामनाएं दी एवं रिहाई के बाद पुनः अपराध न करने और जिम्मेदार नागरिक बनने की सलाह दी। डॉ. कपूर ने बताया कि रिहा होने वाले कैदियों को जेल में रहने के दौरान पुनर्वास के लिए टेलरिंग, कारपेंट्री, लोहारी, भवन मिस्त्री और भवन-सामग्री निर्माण जैसे कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि जेल से बाहर निकलने के बाद वे आत्मनिर्भर बन सकें एवं समाज की मुख्यधारा में लौट सकें।



जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

स्वाधीनता दिवस पर माधव टाइगर रिजर्व से आई खुशखबरी

# बाघिन एमटी-4 ने दिया शावकों को जन्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माधव टाइगर रिजर्व, शिवपुरी में बाघिन एमटी-4 द्वारा शावकों को जन्म देने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बाघ शावकों का जन्म प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सुखद परिणाम है। मंत्री श्री अहिरवार ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रभावी प्रयासों का शुभ परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इस सुखद उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## संपादकीय

# 80वें स्वतंत्रता दिवस का बड़ा सुरक्षा ऐलान

भारत 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देश में एक व्यापक और आधुनिक सिविल डिफेंस वालंटियर फोर्स तैयार की जाएगी, जो कि आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों और आपात स्थितियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने कहा, 'भारत को सुरक्षित बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। चाहे चुनौती हमारी सीमाओं के भीतर से आए या बाहर से, भारत हर स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है। आज युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। अब इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही लड़ा जाएगा। आज लाल किले की प्राचीर से मैं घोषणा करता हूं कि आने वाले दिनों में हम नागरिक सुरक्षा का एक आधुनिक और जीवंत नेटवर्क स्थापित करेंगे। हम नागरिकों को उन्नत आपातकालीन प्रणालियों और प्रोटोकॉल से परिचित कराएंगे।' पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सदी की जरूरतों के हिसाब से तैयार किए गए सिविल डिफेंस सिस्टम आज के दौर में पुराने पड़ चुके हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए आने वाले दिनों में हम एक जीवंत सिविल डिफेंस नेटवर्क तैयार करेंगे।' उन्होंने बताया कि बदलते सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए देश को हर मोर्चे पर मजबूत और तैयार रखने की जरूरत है। प्रस्तावित वालंटियर फोर्स का उद्देश्य नागरिकों को उभरते सुरक्षा खतरों और आपात परिस्थितियों से बचाने की क्षमता को मजबूत करना होगा। सिविल डिफेंस के तहत सार्वजनिक चेतावनी प्रणाली, आपातकालीन संचार, लोगों की सुरक्षित निकासी, आश्रय व्यवस्था और संकट के समय राहत एवं बचाव जैसे उपाय शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री का यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और किसी भी बाहरी या आंतरिक खतरे से निपटने की तैयारियों पर खास जोर दिया जा रहा है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में भारत को अत्याधुनिक रक्षा उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ भारत को दुनिया के लिए उन्नत रक्षा उपकरण बनाने वाला प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में भारत की स्वदेशी एयर डिफेंस क्षमता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'सुदर्शन चक्र' सिस्टम पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका उद्देश्य भारत की वायु रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करना है।

### विक्रम बेताल की कहानी

# सबसे ज्यादा प्रेम में अंधा कौन था?



सम्राट विक्रमादित्य ने योगी को दिए वचन को पूरा करने के लिए एक बार फिर बेताल को पेड़ से उतारकर अपने कंधे पर बैठा दिया। इसके बाद वह योगी के पास चल दिए। रास्ता तय करने के लिए बेताल ने एक नई कहानी शुरू की। बेताल बोला

बहुत समय पहले की बात है। विशाला नाम के राज्य में पदमनाभ नाम का एक राजा राज किया करता था। उसी के राज्य में एक साहूकार रहता था। उस साहूकार का नाम था अर्थदत्त। अर्थदत्त की एक सुंदर लड़की थी, अनंगमंजरी। अनंगमंजरी जब बड़ी हुई तो साहूकार ने मणिवर्मा नाम के एक धनी साहूकार से उसका विवाह कर दिया। मणिवर्मा, अनंगमंजरी को काफी चाहता था, लेकिन अनंगमंजरी, मणिवर्मा को बिल्कुल भी पसंद नहीं करती थी।

एक दिन मणिवर्मा किसी काम से अपने राज्य से बाहर गया था और अनंगमंजरी अकेली थी। इसलिए वह अपने घर से कुछ दूर टहलने के लिए निकली। तभी रास्ते में अनंगमंजरी ने राजपुरोहित के लड़के कमलाकर को देखा। कमलाकर को देखते ही अनंगमंजरी को उससे प्रेम हो गया। वहीं, दूसरी ओर कमलाकर भी अनंगमंजरी को मन ही मन चाहने लगा था।

अनंगमंजरी बिना देर किए महल के बाग में जाती है और चंडी देवी को प्रणाम करती है। अनंगमंजरी चंडी देवी से हाथ जोड़कर प्रार्थना करती है, "हे माता, अगर मैं इस जन्म में कमलाकर को नहीं पा सकी, तो अगले जन्म में मैं उनकी ही पत्नी बनूं।"

इतना कहते हुए अनंगमंजरी ने अपना दुपट्टा खींचा और पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाने की तैयारी करने लगी। तभी राज्य की दासी और अनंगमंजरी की सहेली वहां आ गई। सहेली ने कहा, "अनंगमंजरी तुम ये क्या कर रही हो।" इस पर अनंगमंजरी उसे अपनी मन की बात बताती है। यह सुनने के बाद सहेली कहती है, "तुम बिल्कुल भी परेशान न हो। जल्द ही मैं कमलाकर से तुम्हारी मुलाकात करा दूंगी।" सहेली की यह बात सुनकर अनंगमंजरी रुक गई।

अगले ही दिन अनंगमंजरी की सहेली ने कमलाकर के साथ उसकी मुलाकात का प्रबंध किया। दोनों एक-दूसरे से मिलने बाग में पहुंचे। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और खुद को रोक न सके। कमलाकर बेताब होकर अनंगमंजरी की ओर दौड़ा। कमलाकर को अपने नजदीक आते देख अनंगमंजरी की धड़कने तेज हो गईं और मारे खुशी के उसकी धड़कने ही रुक गईं। अनंगमंजरी को मरा देख कमलाकर भी बहुत दुखी हुआ, जिससे उसका दिल फट गया और वह भी मर गया।

इस बीच मणिवर्मा भी वहां पहुंच गया और अपनी पत्नी को दूसरे आदमी से साथ मृत पड़ा देख बहुत दुखी हुआ। वह अनंगमंजरी को बहुत चाहता था। इसलिए उससे अपनी पत्नी का वियोग सहा नहीं गया और उसने भी प्राण छोड़ दिए। यह सब देख चंडी देवी स्वयं वहां प्रकट हुईं और सबको दोबारा जीवित कर दिया।

इतना कहकर बेताल बोला, "बता बिक्रम इन तीनों में सबसे ज्यादा प्रेम में अंधा कौन था।"

जब विक्रम कुछ नहीं बोला तो बेताल ने फिर कहा, "बता विक्रम प्रेम में अंधा कौन था।"


बेताल के बार-बार पूछने पर विक्रम ने कहा, "सुनो बेताल, सबसे ज्यादा प्रेम में अंधा था मणिवर्मा। वजह यह है कि अनंगमंजरी और कमलाकर अचानक मिले और वह उस खुशी के कारण मरे। वहीं, मणिवर्मा यह देख कर शोक में मर गया कि उसकी पत्नी किसी दूसरे से प्रेम करती थी और अपने प्रेम से मिलने की खुशी में मर गई।"

यह सुनते ही बेताल बोला, "हां राजन, तुमने बिल्कुल सही जवाब दिया, लेकिन तू बोला तो मैं चला। इतना कहकर बेताल एक बार फिर विक्रम के कंधे से उड़कर पेड़ पर फिर जा लटकता है। इसी के साथ प्रेम में अंधा कौन विक्रम बेताल कहानी समाप्त होती है।

### कहानी से सीख :

किसी भी चीज की अति नुकसानदायक हो सकती है, इसलिए इंसान को हमेशा अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

### रंग भरो



Jammu & Kashmir

# सेना ने किया पुंछ में आतंकियों के बड़े ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में IED और हथियार बरामद



**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक बड़े आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं, जिससे एक बड़ी आतंकी साजिश और संभावित त्रासदी को समय रहते टाल दिया गया है।**

अधिकारियों के अनुसार, खुफिया इनपुट के आधार पर सुरनकोट सेक्टर के द्राबा इलाके में यह तलाशी अभियान चलाया गया था। इस सफल ऑपरेशन को सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम ने अंजाम दिया, इसमें भारतीय सेना की 16 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस का स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 38वीं बटालियन शामिल थीं। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को कई खतरनाक विस्फोटक और उपकरण मिले। वर्तमान में इलाके में सघन तलाशी अभियानजारी है।

Jharkhand

## सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग, छात्रों ने कांग्रेस से झामुमो सरकार से समर्थन वापस लेने को कहा




**राँची, (एजेंसी) जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ राजधानी रांची में चल रहे छात्र आंदोलन ने शनिवार को नया रुख ले लिया। आंदोलनकारी छात्र नेता रविंद्र पासवान ने कहा कि अब तक छात्रों ने गांधीवादी तरीके और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के जरिए अपनी मांगें सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।**

रविंद्र पासवान ने कहा कि छात्र अब आंदोलन की रणनीति बदलने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने भगत सिंह के संघर्ष का हवाला देते हुए कहा कि छात्र अपनी मांगों के लिए किसी भी चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने सरकार को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

नौकरी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग की है। छात्रों ने कांग्रेस और झामुमो पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। वहीं, छात्रों ने कहा कि अगर झारखंड के मुख्यमंत्री उनकी बात नहीं सुनते हैं तो कांग्रेस को झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए।

New Delhi

## 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा', पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि आज; PM मोदी ने किया नमन



नई दिल्ली. 'सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, मगर ये देश रहना चाहिए, देश का लोकतंत्र रहना चाहिए.' भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के यह शब्द आज भी भारतीय राजनीति में उनकी सोच, देश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद दिलाते हैं. आज अटल बिहारी वाजपेयी की आठवी पुण्यतिथि है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह समेत तमाम नेताओं ने 'सदैव अटल' समृद्धि स्थल पर जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम दिग्गज नेताओं ने X पर पोस्ट कर उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है.

Paschim Bangal

## फंदे से लटका मिला ममता बनर्जी के करीबी और बंगाल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर का शव

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार के तृणमूल कांग्रेस (TMC) विधायक आशीष बनर्जी का शव रविवार सुबह बीरभूम जिले के रामपुरहाट में उनके आवास से सटे टीएमसी कार्यालय के अंदर फंदे से लटका मिला है.

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आधिकारिक जांच शुरू कर दी है. आशीष बनर्जी को ममता बनर्जी का करीबी माना जाता है.

पुलिस ने बताया कि आशीष बनर्जी का शव रामपुरहाट स्थित उनके आवास के बिल्कुल पास बने टीएमसी कार्यालय में फंदे से लटका मिला है.



सूचना के बाद घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को तुरंत पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. पुलिस की टीमें मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच में जुट गई है.

आशीष बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के एक प्रमुख चेहरों में से एक थे. वह पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले की रामपुरहाट सीट से तृणमूल कांग्रेस के विधायक थे.

खेल

# स्वतंत्रता दिवस पर क्रिकेट सितारों ने देशवासियों को दी आजादी की बधाई

## शुभमन गिल ने श्रीलंका में लहराया तिरंगा



**नई दिल्ली। देश अपनी स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ मना रहा है। स्वतंत्रता दिवस का जश्न देश के हर वर्ग में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था बीसीसीआई और पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों ने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय क्रिकेट टीम अभी श्रीलंका दौरे पर है। शनिवार से ही गाले में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत हुई है।**

टेस्ट की शुरुआत से पहले भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर ने गाले में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया। बीसीसीई ने एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने लिखा, 'हर भारतीय को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जय हिंद।'

इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के साथ ही सबसे ज्यादा शतक ठोकने वाले सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर तिरंगे के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा- स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। वहीं टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने एक्स पर लिखा- उनका बलिदान। हमारी आजादी। हमारी जिम्मेदारी। भारत, जय हिंद।

विराट कोहली और रोहित शर्मा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में देशवासियों को शुभकामनाएं दी। आईसीसी अध्यक्ष और पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, 'किसी देश की असली ताकत सिर्फ उसकी जीत में नहीं, बल्कि उन मूल्यों में होती है जो उसके लोगों को एक साथ लाते हैं। सभी को गर्व और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।'

बीसीसीआई क्रिकेट ऑफ एक्सिलेंस के निदेशक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने एक्स पर लिखा, 'स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। आइए हम आजादी की भावना का जश्न मनाएं। उन लोगों के बलिदान का सम्मान करें जिन्होंने हमें आजादी दी, और एक मजबूत, ज्यादा एकजुट और आगे बढ़ने वाला भारत बनाने में अपना योगदान देते रहें। जय हिंद।'

सिनेमा

## एक तरफ 'गांधी', दूसरी तरफ 'फौजी'... प्रभास-अनुपम खेर की नई फिल्म का पोस्टर रिलीज




साउथ सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास के फैंस के लिए स्वतंत्रता दिवस का मौका बेहद खास बन गया, जब उनकी मचअवेटेड फिल्म 'फौजी' का पहला लुक जारी किया गया. लंबे समय से इस फिल्म को लेकर चल रही तरह-तरह की चर्चाओं और सस्पेंस के बीच मेकर्स ने आजादी के दिन एक बेहद दमदार और आक्रामक फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज किया, जिसने सोशल मीडिया पर आते ही सनसनी मचा दी. डायरेक्टर हनु राघवपुडी के निर्देशन में बन रही यह पीरियड एक्शन फिल्म 3 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी. माइथ्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज के बैनर तले तैयार हो रही यह बड़े बजट की फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली सहित कुल छह भाषाओं में एक साथ रिलीज की जाएगी. सामने आए फर्स्ट-लुक पोस्टर में प्रभास का अब तक का सबसे रफ और टफ रूप देखने को मिल रहा है. पोस्टर में वे खून से सनी सफेद बनियान और धोती पहने, नंगे पैर दोनों हाथों में रिवॉल्वर लिए आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं. उनके चेहरे और कपड़ों पर लगे खून के धब्बे यह साफ बताते हैं कि फिल्म में जबरदस्त एक्शन होने वाला है. बैकग्राउंड में नागरिक अशांति और जलती हुई ऐतिहासिक चारमीनार दिखाई दे रही है, जो उस दौर के तनावपूर्ण माहौल को दर्शाती है.

## Highlights

1. Bar Council of India chief apologises after halting enrolment of NALSAR 2026 graduates
2. Shubhanshu Shukla shares video showing India from space on I-Day
3. I don't know Meloni-Peloni: Baba Ramdev on recent Congress remark controversy
4. Bengaluru techie flags traffic woes after 3-km trip
5. Postpartum thyroiditis may be temporary after childbirth
6. Students collapse during Independence Day parade in Assam heat
7. Young man dies in road accident at Keyyur
8. Who can use FAST-DS and how much tax will apply?

# Tata Sons annual meeting may not happen in August. Here's why



**NEW DEIHI, (Agency).** The Tata Sons annual general meeting scheduled for August 18 may not take place after Sir Ratan Tata Trust, a key shareholder in the holding company of the Tata Group, was unable to nominate a representative due to a regulatory restriction imposed by Maharashtra's Charity Commissioner, people familiar with the matter said.

The meeting is scheduled to consider, among other matters, the directorship of Tata Sons Chairman N Chandrasekaran, who has decided not to seek another term when his current tenure ends in February.

Tata Sons has not communicated any change in the scheduled AGM date to shareholders, the people said.

Latest indications are that the company plans to proceed with the meeting but could adjourn it if the required quorum is not achieved.

The problem stems from the inability of the Sir Ratan Tata Trust (SRTT) - which holds a 23.56 per cent stake in Tata Sons - to hold a board meeting because of an order issued by the Maharashtra Charity Commissioner in May pending an inquiry into the composition of its board. Without a board meeting, SRTT cannot jointly nominate a representative with the Sir Dorabji Tata Trust (SDTT), a step required under Tata Sons' Articles of Association for the AGM quorum.

SDTT holds 27.98 per cent of Tata Sons.


Article 86 of Tata Sons' Articles of Association requires at least five members to be personally present at the AGM, including a representative jointly nominated by SRTT and SDTT as long as the two trusts together hold at least 40 per cent of Tata Sons. The two trusts collectively hold about 66 per cent of the company, making the provision applicable.

Besides, the Shapoorji Pallonji family owns about 18.37 per cent of Tata Sons.

The earliest way forward for the AGM of Tata Sons, the holding company of the over USD 180-billion Tata Group, to take place could be when the 'lifetime trustees' of SRTT relinquish their position and renominate themselves as trustees with fixed tenure to abide by the amended Section 30A(2) of the Maharashtra Public Trusts Act, a person with direct knowledge said.

Section 30A(2) of the Act restricts perpetual or lifetime trustees on a trust to a maximum of 25 per cent of the overall board strength.

"As of today, they (SRTT) don't have permission from the Charity Commissioner to hold a board meeting of SRTT. If SRTT cannot hold a board meeting, they cannot jointly nominate people to attend the AGM, which is a requirement for quorum. When the quorum is not there, they cannot hold the AGM as it stands today," a person with direct knowledge of the development said.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक